1 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 3/1/2025 9:42 PM Page 1

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 2 मार्च 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 बोर्ड की परीक्षाएं शुरुः विद्यार्थी बोले- सरल आए थे सवाल



## खबर संक्षेप

### आज से शुरू हुआ तीस दिवसीय पवित्र रमजान

**अंबिकापुर।** रविवार से मुस्लिम समुदाय का पवित्र माह रमजान शुरू हो रहा है। इस दौरान समाज के लोग रोजा रखने के साथ ही इबादत में लीन रहेंगे। रमजान को लेकर समाज द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई है। बता दें कि मुस्लिम समाज का पवित्र माह रमजान इस बार 1 मार्च से शुरू होगा। शनिवार को रमजान का चांद नजर आने के साथ ही शहर सहित जिलेभर में समाज के लोग रमजान की तैयारी में जुट गए। इस दौरान समाज के लोग लगातार एक माह तक रोजा रखने के साथ ही इबादत करेंगे। इसके साथ ही जगह जगह इफ्तार पार्टी का आयोजन भी किया जाएगा।

### खटवा में निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज

**राजपुर।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट सोगड़ा आश्रम जशपुर एवं सर्वेश्वरी समूह अम्बिकापुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन बलरामपुर विकासखंड के ग्राम खटवा बरदर में किया गया है। बाबा भगवान राम ट्रस्ट सोगड़ा जशपुर आश्रम एवं श्री सर्वेश्वरी समूह अम्बिकापुर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 2 मार्च को ग्राम खटवा बरदर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में रोगियों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार ट्रस्ट द्वारा चश्मा एवं दवाइयां प्रदान की जाएंगी। शिविर रविवार प्रातः 10.30 से दोपहर 1.30 तक एवं अपराह्न 2.30 बजे से 4.30 बजे तक चलेगा। सर्वेश्वरी समूह द्वारा ग्रामीणों से शिविर में शामिल होने का आह्वान किया गया है।

### ग्राम करवां में सार्वजनिक श्रीविष्णु महायज्ञ 4 से

**बिश्रामपुर।** सनातन धर्म संत समाज गहिरा आश्रम के तत्वाधान में ग्राम पंचायत करवां यज्ञशाला प्रांगण में रामेश्वर गहिरा गुरुजी के प्रेरणा स्वरूप सार्वजनिक श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जाएगा।आयोजन समिति के सदस्य अमर साय राजवाड़े ने बताया कि 4 मार्च मंगलवार को कलश यात्रा सुबह 9 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।5 मार्च बुधवार को प्रातः यज्ञ प्रारंभ पूजा हवन आरती एवं 6 मार्च को यज्ञ पूजा हवन आरती प्रसाद वितरण व दोपहर में उपनयन संस्कार, 7 मार्च को पूर्णाहूति, विप्र जन आशीर्वाद, विदाई समारोह अंतरण एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। प्रतिदिन सायंकाल में संत समाज एवं श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन सत्संग किया जाएगा। इस अवसर पर सनातन धर्म संत समाज गुरु पीठाधीश्वर श्रद्धेय बब्रूबाहन महाराज का आगमन होगा एवं उनके द्वारा अमृतमय प्रवचन का वाचन किया जाएगा।

### अवैध लट्ठा लोड ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**अम्बिकापुर।** रात्रि गश्त के दौरान राजपुर पुलिस ने ग्राम मरताडांड से अवैध लट्ठा लोड एक ट्रैक्टर को जब्त किया। बीती रात राजपुर पुलिस अपराधियों की धर पकड़ के लिए रात्रि गश्त कर रही थी। इस दौरान जंगल की ओर से एक ट्रैक्टर आता देख पुलिस टीम ने उसे जांच के लिए रोका। चालक ट्रैक्टर रोकने के बाद अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर की जांच की तो उसमें भारी मात्रा में अवैध लट्ठा लोड था। पुलिस ने अवैध लट्ठा लोड ट्रैक्टर को जब्त कर वन विभाग को सूचना दी है। पुलिस ने एक दूसरे मामले में ग्राम मरताडांड में लावारिस पड़े 2 टन कोयला को जब्त किया हैं। थाना प्रभारी चंदन सिंह ने बताया कि वन भूमि से कोयले का अवैध खनन कर संग्रहित करने की संभावना है। मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है।

## पुलिस ने किया जघन्य हत्याकांड का खुलासा, जंगली सुअर के शिकार हेतु लगाए फंदे में हुई मौत के बाद साक्ष्य छिपाने किए टुकड़े

# तीन साल पहले हत्या के बाद शव को 9 टुकड़ों में काटकर फेंका, जी रहे थे सामान्य जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कहते है कि अपराधी कितना भी चालाक क्यों ना हो उसकी होशियारी कभी काम नहीं आती और कभी ना कभी अपराध निकलकर बाहर आ ही जाता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है बलरामपुर जिले के कोरंधा थाना की पुलिस टीम ने। पुलिस ने तीन साल पहले टुकड़ों में मिले शव के मामले में जघन्य हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने जंगली सूअर के शिकार हेतु फंदा लगाया था और उसमें जब ग्रामीण की फंसकर मौत हो गई तो उन्होंने शव को 9 टुकड़ों में काटकर फेंक दिया था। हत्याकांड के बाद तीनों आरोपी अपने गांव में सुकून की जिन्दगी गुजार रहे थे लेकिन अब उन्हें जेल की हवा खानी पड़ेगी। इधर इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने वाली टीम के लिए ईनाम की घोषणा की गई है।

शनिवार को बलरामपुर की कोरंधा पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 27 फरवरी 2022 को थाना क्षेत्र के ग्राम कर्राडांड में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव क्षत विक्षत हालत में मिला था। पुलिस ने मौके से 9 टुकड़ों में अधजला शव बरामद किया था। इस दौरान लम्बी जांच के बाद पुलिस ने मृतक की पहचान ग्राम भवानीपुर निवासी कमिल साय के रूप में की थी। इस मामले में पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत अपराध दर्ज किया था लेकिन पुलिस को हत्यारों के बारे में कोई सुराग नहीं मिल पाया था। तीन साल पुराने अनसुलझे जघन्य हत्याकांड को लेकर एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर ने नए सिरे से नवीन इलेक्ट्रॉनिक तकनीकों का उपयोग कर विवेचना करने के लिए अपनी टीम को प्रोत्साहित किया। एसपी के निर्देश के बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी के नेतृत्व में पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड व गवाहों के आधार पर फिर से जांच की। इसके साथ ही क्षेत्र में मुखबिरों को तैनात किया गया। इसी बीच 28 फरवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भवानीपुर निवासी फुलेश्वर राम, नन्दलाल और राहुल उर्फ दीपक चंद का हात इस हत्याकांड में हो सकता है। ऐसे में पुलिस ने तीनों युवकों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पता चला कि तीनों युवक आपस में दोस्त है, युवक पहले तो पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करते रहे लेकिन जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### गडासा और टांगी से किए शव के टुकड़े

पुलिस ने अनुसार कमिल साय की मौत के बाद आरोपी अगले दिन गांव में ही रहे। रात लगबघ 9 से 10 बजे के बीच फुलेश्वर राम और नंदलाल ने घर से लोहे का गडासा और टंगिया लेकर पुनः उसी स्थान पर पहुंचे जहां शव को छिपाया गया था। हालांकि इस दौरान दीपक चाँद उर्फ राहुल डर के कारण उनके साथ नहीं गया। फुलेश्वर राम और नंदलाल ने अपराध को छुपाने की नीयत से मृतक कमिल साय के शव को लोहे के गडासा एवं टंगिया से 9 टुकड़ों में काटकर दो सफेद रंग के प्लास्टिक बोरा में भर दिया और फुलेश्वर राम के आटो में लोड कर ग्राम नीलकंठपुर, कटिमा, कंचनटोली होते हुए ग्राम कर्राडाड के खैरिडाड के पास रोड किनारे बोरा से शव के टुकड़ो को निकाल कर फेक दिए। शव ठिकाने लगाने के बाद ग्राम तरैनी होते हुए ग्राम त्रिपुरी के पास लावा नदी में शरीर पर लगे खून को धोकर ग्राम गोविंदपुर, गोपीनगर होते हुए सुबह करीबन 4-5 बजे वापस ग्राम भवानीपुर आ गए और फिर वे आराम से अपना जीवन गुजर बसर कर रहे थे। पुलिस ने 1 मार्च को तीनों आरोपियों फुलेश्वर राम, नंदलाल एवं राहुल उर्फ दीपकचंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोरंधा विरासत कुजूर, सउनि दशरथ कुजूर, प्रधान आरक्षक आरक्षक निर्मल एक्का, आरक्षक अमित एक्का, श्रवण मरावी, पूर्णेश कश्यप, रंजीत टोप्पो, जितेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### टीम ने किया बेहतर काम

हमारी टीम ने बेहतर काम करते हुए तीन साल पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई है। जंगली सूअर का शिकार करने के लिए लगाए गए फंदे में ग्रामीण की मौत हुई थी। आरोपियों ने शव को टुकड़ों में काटकर फेंका था। इस हत्याकांड को सुलझाने वाली टीम को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ईनाम दिया जाएगा।

**-वैभव बैंकर**, एसपी बलरामपुर

### शिकार के चक्कर में गई जान

पुलिस की जांच में आरोपियों ने बताया कि वर्ष 2022 में जनवरी-फरवरी माह के आस पास आरोपी फुलेश्वर राम ने ग्राम भवानीपुर और लरिमा के बीच खेत में मटर का फसल लगाया था। मटर के खेत में जंगली सुअर आकर फसल को खाकर नुकसान पहुंचा रहे थे। इसी बीच दिनांक 25 फरवरी 2022 को गांव भवानीपुर में अर्जुन उरांव के घर सिंदुर गुतिया कार्यकम था। उसी शाम को तीनो दोस्तो ने मिलकर जंगली सुअर का शिकार करने की नीयत से मटर खेत के चारो तरफ लकड़ी के खूंटी गाड़ कर नंगा जीआई तार बिछाकर खेत के बीच से गुजरे 11 हजार वोल्ट बिजली के चालू लाईन में जीआई तार की हुकिंग कर करेंट प्रवाहित कर दी। आरोपी तंरगित जाल बिछाकर खेत से कुछ दूरी पर खाली पड़े अधबने मकान में जाकर सो गए थे। रात 10-11 बजे लगभग बिजली की आग लगने की तेज आवाज सुनकर तीनो जाग गए और मौके पर पहुंचे तो ग्राम भवानीपुर का कमिल साय हाईटेंशन तरंगित तार की चपेट में आकर जल गया था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बिजली प्रवाह के कारण कमिल साय के शव तथा कपड़ों में आग लग गया था। थोड़ी देर में जब कमिल साय के शव तथा कपडो पर लगी आग बुझी तो आरोपियों ने 11 हजार वोल्ट बिजली लाईन से हुक को निकाला और डर कर तीनों ने मिलकर कमिल साय की लाश को वहां से दूर ले जाकर खेत के पैरा में छिपा दिया।

## जंगली सुअर के शिकार हेतु लगाए फंदे में फंसकर ग्रामीण की मौत

- आरोपी गिरफ्तार, अन्य साथियों की तलाश जारी

तरंगित तार का जाल फंसाकर जंगली सूअर का शिकार करने के चक्कर में ग्रामीण की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के तहत कार्रवाई की है।

दरिमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करम्हा निवासी शिव नारायण 28 जनवरी की दोपहर अपने दो भैंसों को जान पहचान के व्यक्ति को बिक्री करने के बाद कुछ दूर छोड़ने के लिए गया हुआ था लेकिन ग्रामीण वापस घर नहीं लौटा। ऐसे में परिजन द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही थी। इस बीच 3 फरवरी को घर से लगभग 500 मीटर करम्हा रोड के बगल में पुटुस की झाड़ी के पास शिव नारायण का शव मिला था। ग्रामीण का शव मिलने के मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट में बिजली करंट से मौत होने की बात कही गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दरिमा के पम्पापुर निवासी 45 वर्षीय इंद्र कुमार मरकाम आ. ढोला मरकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि 28 जनवरी को आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जंगली सूअर के शिकार हेतु फंदा लगाया था और फंदे में 11 केव्ही वोल्टेज खंभा से अवैध हुकिंग कर बिजली तार जोड़ दिया था। इस दौरान रात लगभग 8 बजे बिजली खंभे के पास जोर से चिंगारी निकली और किसी आदमी के चिलाने की आवा आई। आवाज सुनकर आरोपी मौके पर पहुंचे तो करम्हा निवासी शिव नारायण गोंड की तरंगित तार की चपेट में आकर मौत हो गई थी। आरोपियों ने फंदा जाल व बिजली तार को अलग कर समेत लिया और घर भाग गए। पुलिस ने आरोपी से घटना मे प्रयुक्त एक नग जाल फंदा जब्त करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा शशिकांत सिन्हा, सउनि बैजनाथ लकड़ा, आरक्षक जगेश्वर बघेल, संजय केरकेट्टा, राज जायसवाल सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, नकदी समेत घरेलू सामान जलकर हुआ खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- विधायक ने दी सहायता राशि, सहयोग का मिला आश्वासन

शनिवार को सूने मकान में आग लगने की घटना से क्षेत्र में हडकंप मच गया। इस घटना में नगदी समेत घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे विधायक की मौजूदगी में टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन शोर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है। इस घटना के बाद विधायक रामकुमार टोप्पो ने पीड़ति परिवार को दस हजार रूपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई और शासन स्तर से भी सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।

बताया जा रहा है कि ग्राम ढेलसरा के गाड़ापारा में स्थित अर्जुन बखला के सूने घर मे शनिवार की दोपहर बारह बजे शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। जिस दौरान घर मे आग लगी उस समय घर मे एक भी सदस्य मौजूद नही था। घर के सारे सदस्य काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। खपरैल घर होने की वजह से आग ने तेजी से पूरे घर को अपनी चपेट मे ले लिया। देखते भर में घर के अंदर से आग की तेज लपटें उठने लगी। आग की तेज लपटे उठता देख लोगों ने सहयोग के लिए विधायक कार्यालय फोन लगाया। जिसके बाद विधायक कार्यालय में मौजूद भवानी सिंह समेत अन्य लोग पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस बीच घर के सदस्य भी आग लगने की खबर पाकर मौके पर पहुंच चुके थे जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से सभी ने मिलकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। जब तक घर मे लगी आग पर काबू पाया जाता तब तक आग की वजह से काफी नुकसान हो चुका था। घर के सदस्यों ने बताया कि आग की वजह से घर मे रखा नगदी पचास हजार रूपए जरूरी कागजात एवं घरेलू सामान जलकर खाक हो चुका था। इस घटना के बाद विधानसभा सत्र में शामिल होने रायपुर गए विधायक ने पीड़ति परिवार से संपर्क साधते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने पीड़ति परिवार को तात्कालिक सहायता राशि मे दस हजार रुपए उपलब्ध कराया। इस घटना के बाद आग से होने वाले नुकसान का आंकलन करने राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची थी जो नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपेगी। इस संबंध में तहसीलदार गोविंद सिन्हा ने बताया कि इस घटना की रिपोर्ट पटवारी को दिया जाए। परिवार को नियमानुसार सहयोग प्रदान की जाएगी।



## नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह आज महिला महापौर संभालेंगी काम काज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सीएम विष्णुदेव साय और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे शामिल

नगर निगम की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को होगा। निकाय चुनाव संपन्न होने के बाद भारी मतों से जीत दर्ज करने वाली पहली महिला महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व नगर निगम के 48 पार्षद शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण के समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह और सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई है।

बता दें कि नगर निगम में चुनाव के बाद सत्ता परिवर्तन हुआ है और इस बार भाजपा ने चुनाव में एक तरफा जीत हासिल की है। चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजूषा भगत ने पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की को मात दी और शहर की पहली महिला महपौर बनी। इसके साथ ही निगम में भाजपा के 31 पार्षद जीत कर आए।

इधर कांग्रेस के सिर्फ 15 पार्षद ही चुनाव में जीत दर्ज कर पाए है जबकि दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत हासिल की है। सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का इंतजार किया जा रहा था और सीएम विष्णुदेव साय से समय मिलने के बाद 2 मार्च को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शहर के पीजी कॉलेज मैदान परिसर स्थित हॉकी स्टेडियम में शपथ ग्रहण का समारोह सुभ 11 बजे से होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे।

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम श्री साय और विस अध्यक्ष डॉ. सिंह 9.45 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपैड रायपुर से प्रस्थान कर 10.55 बजे पीजी कॉलेज ग्राउंड हेलीपैड अंबिकापुर पहुंचेंगे। 11 से 12 बजे तक नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। दोपहर 12.5 बजे पीजी कॉलेज ग्राउंड हेलीपैड अंबिकापुर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। सीएम के आगमन और शपथ ग्रहण समारोह को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई है इसके साथ ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है।





### रामानुजगंज पुलिस ने की कार्रवाई, जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 का मामला

# 8 करोड़ गबन के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जल संसाधन विभाग सरगुजा संभाग क्रमांक 2 रामानुजगंज में 8 करोड़ 87 लाख 54 हजार 524 रूपए के गबन मामले में पुलिस ने सहयोगी आरोपी को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले की रामानुजगंज पुलिस ने आरोपियों के सहयोगी योगेश्वर स्वरुप भटनागर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। गबन की राशि में से 1 करोड़ 56 लाख रूपए को हस्तांतरित कराने में आरोपी की भूमिका पाई गई है।

बता दें कि कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 एनसी सिंह द्वारा रामानुजगंज थाने में 17 मार्च 2023 को शिकायत दर्ज कराई गई थी कि जल संसाधन विभाग के तत्कालीन एसडीओ एवं प्रभारी कार्यपालन अभियंता जल संसाधन क्रमांक 2 संजय कुमार ग्रायकर, वरिष्ठ लेखा लिपिक मिथिलेश कुमार पांडेय, डाटा एंट्री ऑपरेटर संजीव कुमार सिंह, संभागीय अधिकारी नीरज अभिषेक एक्का द्वारा भू अर्जन की राशि को व्यक्तिगत खतों में गैर नियमावली व अनियमित तरीके से समायोजन किया गया। आरोपियों ने निजी व्यक्ति के खातों में 8 करोड़ 87 लाख 54 हजार 524 रूपए को फर्जी तरीके से हस्तांतरित किया था। इस मामले में रामानुजगंज पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 420, 467, 468, 471, 409,120 (बी) के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार घटना के प्रमुख आरोपी तत्कालीन एसडीओ व प्रभारी कार्य पालन अभियंता संजय कुमार ग्रायकर द्वारा मार्च 2022 से मई 2022 तक भू अर्जन की शासकीय राशि को निजी व्यक्तियों के खातों में गैर वित्तीय तरीके से समायोजन किया गया था। प्रकरण में अंबिकापुर के गांधीनगर थाना अंतर्गत डॉ. पुष्पेंद्र पटेल गली निवासी 74 वर्षीय योगेश्वर स्वरुप भटनागर आ. स्व. एनएस भटनागर के व्यक्तिगत खाते में 1 करोड़ 56 लाख रूपए को विभाग के आरोपी अधिकारी-कर्मचारी के साथ मिलकर शासकीय रकम को हस्तांरित कराया था एवं कई वर्षों से फरार चल रहा था। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने योगेश्वर स्वरुप भटनागर को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामानुजगंज रमाकांत तिवारी, सउनि अतुल दुबे, प्रधान आरक्षक नारायण तिवारी, प्रधान आरक्षक मायापति सिंह जगमोहन तिर्की सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## सीमांकन के दौरान राजस्व टीम पर हमला, बाइक चढ़ाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- आरआई को आई चोट, शिकायत के बाद जांच शुरू

जमीन सीमांकन करने गई राजस्व विभाग की टीम पर बाइक चढाने और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने का मामला सामने आया है। इस घटना में एक राजस्व निरीक्षक को चोट आने की बात भी कही गई है। फिलहाल इस मामले में जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा जांच की जा रही है और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

बताया जा रहा है कि 28 फरवरी को न्यायालय तहसीलदार के 20 फरवरी के आदेश के परिपालन में राजस्व विभाग की टीम का गठन कर उन्हें वार्ड क्रमांक 3 शराब भट्ठी के पास खसरा नम्बर 3/1, 3/2, 3/3, 3/56 ठूंठ भूमि का सीमांकन कार्य करने गए थे। आरोप है कि भूमि के नाप जोख करने के दौरान राजपुर निवासी दो लोगो द्वारा शराब भट्ठी वाले सीसी सड़क पर अपनी मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार से चलाते हुए आकर राजपुर महुआपारा निवासी प्रवीण अग्रवाल एवं सीमांकन के लिए उपस्थित राजस्व कर्मचारियों के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया। इस घटना में ⏭ शेष पेज 4 पर



01-Ambikapur-bhoomi-pg-2_Layout 1 3/1/2025 9:12 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### नगर शारीरिक प्रकट कार्यक्रम आज

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बैकुंठपुर का नगर शारीरिक प्रकट कार्यक्रम 2 मार्च को मनाया जाएगा। संघ के नगर संघ चालक अजय जायसवाल से मिली जानकारी के अनुसार भारत माता को पुनः परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने के लिए राष्टीय स्वयंसेवक संघ विगत 90 वर्षो से कार्य कर रहा है। इस कार्य की प्रगति एवं स्व आंकलन के लिए शारीरिक प्रकट कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 2 मार्च को सायं 5 बजे शहर के रामानुज हाईस्कूल मैदान में आयोजित की गई है। इसमें मुख्य वक्ता संघ के सह विभाग कार्यवाह राकेश चंद भानू होंगे।

### पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति

**मनेन्द्रगढ़।** संचालक पंचायत संचालनालय छग नवा रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार छग पंचायत (उप सरपंच, अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम 1995 के नियम-13 (2) के अनुसार कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आदेश जारी कर जिले के जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निर्वाचन कार्य संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी एवं सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के लिए अनिल कुमार सिदार अपर कलेक्टर जिला कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को पीठासीन अधिकारी तथा पीपी सिंह जिला योजना एवं सांख्यिकीय अधिकारी को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। 10 मार्च को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के जिला पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के लिए कार्यालय कलेक्टर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### निःशुल्क क्षय रोग जांच परीक्षण शिविर

**अनूपपुर।** क्षय रोग के उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 100 दिवसीय निःशुक्ल क्षय रोग शिविर अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विशेषकर सबसे असुरक्षित आबादी के लिए टीवी के मामले का पता लगाने, निदान में होने वाली देरी को कम करने और उपचार के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए टीवी के खिलाफ लड़ाई को तेज करना है। इसी तारतम्य में 27 फरवरी को एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमाडांड़ में सीएसआर परियोजना के तहत 100 दिवसीय टीवी मुक्त अभियान के तहत निःशुल्क जांच परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 129 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में बलगम जांच मोंनटाक्स टेस्ट, एक्स- रे, खून जांच (सीबीसी, आर यूफटी, एलएफटी) की जांच की गई।

### किसानों का बनेगा डिजिटल फॉर्मर आईडी

**मनेन्द्रगढ़।** शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। एग्री स्टेक परियोजना के तहत जिले के प्रत्येक किसान की डिजिटल फॉर्मर आईडी (किसान कार्ड) बनाई जा रही है। इसके साथ ही कृषि भूमि को आधार से भी जोड़ा जाएगा। इस पहल के माध्यम से किसानों को कृषि योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और कृषि यंत्र अनुदान जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। फॉर्मर आईडी बनाने के लिए लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में राजस्व विभाग के पटवारी और कृषि विभाग के ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी भी किसानों को जागरूक करने और पंजीयन प्रक्रिया में सहायता के लिए तैनात रहेंगे। किसानों को फॉर्मर आईडी बनवाने के लिए अपनी सभी कृषि भूमि का बी-1, खसरा, ऋण पुस्तिका और आधार से लिंक मोबाइल नंबर (जिस पर आधार सत्यापन ओटीपी प्राप्त हो सके) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## पहले दिन हिन्दी विषय की हुई परीक्षा, जिले में कहीं नहीं बने नकल प्रकरण

# बोर्ड की परीक्षाएं शुरूः विद्यार्थी बोले-सरल आए थे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग माशिमं रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई। पहले दिन 1 मार्च को 12 वीं बोर्ड की परीक्षा जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई। जानकारी के अनुसार बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 12 वीं कक्षा का हिन्दी विषय का पेपर रहा। इस दिन जिले के किसी भी परीक्षा केन्द्र में एक भी नकलची नहीं पकड़ाए। इस तरह बोर्ड परीक्षा के पहले दिन नकल का कोई खाता नहीं खुल पाया।

सोमवार 3 मार्च को 10 वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू होगा। बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट डीईओ को देंगे। बीते 1 मार्च को 12 वीं का हिन्दी विषय का पर्चा था, इस दिन किसी भी परीक्षा केन्द्र से नकल के कोई प्रकरण सामने नहीं आया। इस वर्ष कोरिया जिले में 10 वीं बोर्ड में 2741 परीक्षार्थी पंजीकृत है, वहीं 12 वीं बोर्ड में 2179 परीक्षार्थी पंजीकृत है ,जिनके लिए जिले में 25 केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 21 परीक्षा केन्द्र बैकुंठपुर जनपद क्षेत्र में है, वहीं सोनहत जनपद क्षेत्र में केवल 4 ही परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए हैं।





### विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र में स्वागत

छग माशिमं रायपुर द्वारा आयोजित 12 वीं बोर्ड की परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई। बोर्ड परीक्षा के पहले दिन परीक्षार्थी निर्धारित समय पर अपने-अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचे। पहले दिन परीक्षा देने आए 12 वीं बोर्ड के विद्यार्थियों को कई केन्द्रों में शिक्षकों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार जनपद बैकुंठपुर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखार में बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिवस परीक्षार्थियों को पुष्प गुच्छ भेंट करने के साथ रोली-चंदन लगाया एवं चॉकलेट देकर स्वागत किया गया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।




### संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर विशेष नजर

बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों में नकल रोकना चुनौती है। कई केन्द्रों में उड़नदस्ता दल के आने की सूचना भी कई बार पूर्व में ही मिल जाती है , इसके कारण परीक्षा केन्द्र में सतर्कता बरती जाती है। जिले के संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

**सोनहत जनपद में सिर्फ 4 परीक्षा केन्द्रः** कोरिया जिले का वनांचल जनपद पंचायत सोनहत में बोर्ड परीक्षार्थियों को कई किमी तय कर अपने साधन से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने की मजबूरी है। जानकारी के अनुसार वनांचल सोनहत जनपद क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा के सिर्फ चार केन्द्र ही बनाए गए हैं। इस जनपद क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि कई क्षेत्रों से सार्वजनिक परिवहन की भी सुविधा नहीं है। परीक्षार्थियों को अपने घर से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने के लिए 15-20 किमी से भी अधिक दूरी अपने साधन से तय कर परीक्षा केन्द्र तक पहुंचना पड़ता है। जिले का सोनहत जनपद क्षेत्र के कई वनांचल क्षेत्रों में विरल आबादी है, इसके कारण प्रमुख जगहों पर ही गिनती के परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, इसके चलते ही सोनहत जनपद के कई क्षेत्रों के परीक्षार्थी लंबी दूरी तय कर परीक्षा केन्द्र पहुंचते हैं।

# दिव्यांग विद्यालय के छात्र ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



शहर के आमाखेरवा इलाके में स्थित नेत्रहीन दिव्यांग विद्यालय के छात्र रामेश्वर ने एक ऐसा कार्य किया, जो न केवल उनकी व्यक्तिगत शक्ति का प्रतीक है, बल्कि समाज के प्रति उनके समर्पण और जिम्मेदारी को भी उजागर करता है।

- **समाज को दिया एक सकारात्मक संदेश**

रामेश्वर ने अपनी मानवता का परिचय देते हुए रक्तदान किया, जो एक अनमोल दान था और समाज में सकारात्मक बदलाव की एक प्रेरक मिसाल बन गया। रामेश्वर जो नेत्रहीन हैं यह साबित कर दिया कि अगर इरादा मजबूत हो, तो कोई भी शारीरिक स्थिति किसी इंसान को अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटा सकती। इस रक्तदान ने यह संदेश दिया कि हम सब चाहे हमारे पास शारीरिक सक्षमताओं की कमी हो, समाज के प्रति अपना योगदान दे सकते हैं। उनका यह कदम उन सभी के लिए एक प्रेरणा है, जो सोचते हैं कि वे दूसरों की मदद नहीं कर सकते। रामेश्वर का यह साहसी कदम विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के बीच चर्चा का विषय बन गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि रामेश्वर ने रक्तदान के माध्यम से हमें यह सिखाया कि समाज में कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी शारीरिक अवस्था में क्यों न हो, दूसरों की मदद कर सकता है। उनके इस कदम ने हमें एकजुटता और समानता का संदेश दिया। रामेश्वर का यह रक्तदान सिर्फ एक चिकित्सा सहायता था, बल्कि यह समाज में समानता, सहानुभूति और एकता का प्रतीक बन गया। रामेश्वर के इस कार्य ने यह स्पष्ट कर दिया कि हम सभी मिलकर किसी भी मुश्किल का सामना कर सकते हैं और समाज में एक सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। रामेश्वर ने यह सिद्ध कर दिया कि किसी भी प्रकार की विकलांगता से ऊपर उठकर हर इंसान में वह ताकत होती है जिससे वह समाज में बदलाव ला सकता है।

# एकलव्य बालक छात्रावास का निरीक्षण मिली कई गंभीर अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नायब तहसीलदार परमानंद कौशिक और शुभ कोसले ने सोनहत स्थित एकलव्य बालक छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता, सफाई व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर गंभीर कमियां पाई गईं।

- **छात्रावास के शौचालयों की स्थिति बेहद खराब**

निरीक्षण के दौरान छात्रों ने अधिकारियों को बताया कि उन्हें कच्चा और अपर्याप्त भोजन दिया जाता है, जिसमें कई बार कंकड़ और अशुद्धियां पाई जाती हैं, इससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। छात्रावास के शौचालयों की स्थिति बेहद खराब पाई गई। एक शौचालय निर्माणाधीन है, लेकिन उसकी स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। छात्रों को अपने कमरे और परिसर की सफाई स्वयं करनी पड़ रही है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न पंजी, स्टॉक पंजी, मेस पंजी और आवक-जावक पंजी जैसी महत्वपूर्ण रजिस्टर अधूरी पाई गईं। दिसंबर 2024 के बाद खाद्यान्न पंजी का संधारण नहीं किया गया, जो गंभीर प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। नायब तहसीलदार परमानंद कौशिक ने कहा कि छात्रों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा। बच्चों को उचित भोजन और स्वच्छ वातावरण मिलना चाहिए। इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। छात्रावास अधीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि हम संसाधनों की कमी के बावजूद बच्चों के लिए बेहतर सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं। हमें प्रशासन से अधिक सहायता की आवश्यकता है। इस निरीक्षण से छात्रावास की गंभीर समस्याएं उजागर हुई हैं।



निरीक्षण करते अधिकारी।

### नेशनल लोक अदालत 8 को

**अनूपपुर।** आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा संपत्ति कर, जल प्रभार तथा अन्य उपभोक्ता प्रभार के सरचार्ज में छूट देने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश अनुसार संपत्ति कर के ऐसे मामले जिनमें कर और अधिभार की राशि 50 हजार रूपए तक बकाया है, उस पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसी तरह संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमे कर और अधिभार की राशि 50 हजार रुपए से अधिक और 1 लाख रूपए तक बकाया है, ऐसे मामलों में मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर और अधिभार की राशि 1 लाख रुपए से अधिक बकाया है पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

# कड़े मुकाबले में आशा ने जीत दर्ज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जनपद पंचायत बैकुंठपुर के क्षेत्र क्रमांक 11 की हाई-प्रोफाइल सीट पर आशा महेश साहू ने शानदार जीत दर्ज कर जनपद पंचायत सदस्य का पद हासिल किया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी विपिन बिहारी जायसवाल को हराकर यह सफलता प्राप्त की।

- **क्षेत्र क्रमांक 11 की हाई प्रोफाइल सीट**

इस चुनाव में वर्तमान उपाध्यक्ष समेत दो पूर्व उपाध्यक्ष विपिन बिहारी जायसवाल और अनिल कुमार जायसवाल अपनी किस्मत आजमा रहे थे, लेकिन जनता ने बहुमत के साथ आशा महेश साहू पर विश्वास जताया। जीत के बाद श्रीमती साहू ने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनसमस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की जीत है। विकास के नए आयाम स्थापित करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य ने स्पष्ट किया कि छिंदिया क्षेत्र में सक्रिय भूमाफियाओं और नशाखोरी के खिलाफ उनका अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस अभियान के चलते उनके परिवार पर झूठे मुकदमे भी लगाए गए, लेकिन वे पीछे नहीं हटेंगी।



जीत के बाद आशा साहू का स्वागत करते लोग।

### निकाय के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के परिपालन छग नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 18 अधीन निर्वाचन की तारीख से 15 दिवस के भीतर तथा छग नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 55 के अधीन निर्वाचन के अधिसूचना की तारीख से एक माह के भीतर निर्वाचित महापौर, अध्यक्ष, पार्षद का शपथ ग्रहण व प्रथम सम्मिलन के लिए कलेक्टर ने आदेश जारी कर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के नगर पालिका परिषद् एवं नगर पंचायत के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया जाता है। प्राधिकृत अधिकारी एवं संबंधित नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत इस प्रकार हैं। नगर पालिका निगम के लिए प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, नगर पालिका परिषद् के लिए प्राधिकृत अधिकारी अनुविभागीय दंडाधिकारी मनेन्द्रगढ़, नगर पंचायत झगराखांड़ के लिए प्राधिकृति अधिकारी तहसीलदार मनेन्द्रगढ़, नगर पंचायत नई लेदरी के लिए प्राधिकृत अधिकारी संयुक्त कलेक्टर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, नगर पंचायत खोंगापानी के लिए प्राधिकृत अधिकारी डिप्टी कलेक्टर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, नगर पंचायत जनकपुर के लिए प्राधिकृत अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी भरतपुर को नियुक्त किया गया है।

# विद्यार्थियों को मिली विज्ञान के प्रति प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से तथा स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बैकुंठपुर में राष्टीय विज्ञान दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता**

इस कार्यक्रम में जिलेभर के लगभग 50 विद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थियों एवं उनके मार्गदर्शक शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि विनय मोहन भट्ट, जयनाथ बाजपेई, संस्था प्राचार्य सुनील कुमार मिश्रा, राष्टीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला समन्वयक हरिकांत अग्निहोत्री, निर्णायक मंडल एवं आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के पूजन से किया गया। विनय मोहन भट्ट ने प्रतिभागियों को विज्ञान के साधनों का समुचित उपयोग करने की प्रेरणा दी और भविष्य में उत्कृष्ट वैज्ञानिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। जयनाथ बाजपेई ने विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि विज्ञान के माध्यम से जीवन की जटिलताओं को सरल बनाया जा सकता है, लेकिन इसके उपयोग में सतर्कता भी आवश्यक है। प्रतियोगिता में दैनिक जीवन में विज्ञान विषय पर विज्ञान मॉडल, पोस्टर चित्रकला आदि के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में राजीव जायसवाल, श्रीमती जिज्ञासा दुबे एवं श्रीमती श्वेता यादव शामिल रहे, जिन्होंने सभी प्रस्तुतियों का सूक्ष्म निरीक्षण कर प्रतियोगिता के विजेताओं का चयन किया।



प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित- प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश पांडेय ने किया, जबकि पंजीकरण एवं बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी नरेन्द्र दुबे ने निभाई। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में विज्ञान और तकनीक के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्हें नवाचार एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### महिलाओं को दी गई वित्तीय साक्षरता की जानकारी

**अनूपपुर।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत आयोजित वित्तीय समझदारी, समृद्ध नारी शिविर में स्वसहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से जिला प्रबंधक श्रवण एस, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अजीत नाम्बियार, राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला प्रबंधक अंजू शुक्ला, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से मैनेजर प्रियंका, डूडा से राजन श्रीवास्तव, आर-सेटी डायरेक्टर जयकुमार सिंह, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से शुभांगी उपस्थित रहे।



# विद्यार्थियों ने किया व्यावसायिक शिक्षा के लिए महासेल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय( (शिक्षा विभाग) मनेन्द्रगढ़ में कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं में व्यावसायिक शिक्षा का अध्ययन कर रहे छात्राओं ने 10 दिवसीय इंटर्नशिप योजना के तहत जी बाजार महासेल मनेन्द्रगढ़ का दौरा किया। रिटेल विषय के प्रशिक्षक कुलदीप नामदेव ने बताया कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष हायर सेकेंडरी के छात्राओं को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया जाना है, इसके लिए रिटेल पाठ्यक्रम से संबंधित किसी व्यावसायिक संस्थान में छात्राएं जाकर विषय से संबंधित आवश्यक जानकारी को बारीकियां से समझ सके।

रिटेल की छात्रों को उनके प्रशिक्षक कुलदीप नामदेव ने पहले ही अवगत कराया है कि रिटेल मार्केटिंग एक बहुत ही विस्तृत जानकारी रखने वाला विषय है,लेकिन छात्राएं इस इंटर्नशिप के माध्यम से इस विषय से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे मार्किंग प्रक्रिया,लेबलिंग, उत्पाद का व्यवस्थापन,बारकोड की जानकारी, ग्राहकों को आकर्षित करने के तरीके मौसमी वस्तुओं का रख-रखाव और आखरी में बिलिंग प्रोसेस की सारी जानकारियां ली। कुछ छात्राओं ने जिज्ञासावस संस्थान के व्यवस्थापक राकेश साहू से प्रश्न भी किया। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने कुछ कार्य जैसे उत्पादों को व्यवस्थित रखना, ग्राहकों को नए उत्पाद की जानकारी देना, डिस्काउंट के बारे में समझाना और बिलिंग का कार्य भी स्वयं से सीखा। छात्रों के सहयोग के लिए स्कूल के व्याख्याता बलराज दास और दिलीप जायसवाल भी रहे। संस्थान के व्यवस्थापक राकेश साहू और सभी स्टाफ ने समय-समय पर छात्राओं को कुछ कार्य भी सिखाया और उनका पूरा सहयोग दिया। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता विजय गोपाल राव एवं रामरक्षा का योगदान रहा।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध - प्रदर्शन

# भाजपा सरकार ईडी का कर रही दुरुपयोगः प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में भाजपा सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दुरुपयोग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान भाजपा सरकार और ईडी का पुतला दहन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केन्द्र सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है और ईडी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी दलों को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी तानाशाही के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने काफी संख्या में भाग लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, भूपेन्द्र यादव, रवि राजवाड़े, विकास श्रीवास्तव, धीरज सिंह, सुजीत सोनी, सौरभ सिंह, सागर शर्मा, लवी गुप्ता, शशि मांझी, धीरज शिवहरे, विजय चक्रधारी, संजय खलखो, रामसाय सोरी, संतोष गोयन सहित अन्य कांग्रेसजन ने किया। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष को दबाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने में जुटी है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़े रहेंगे और जनता के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे।



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।



पुतला दहन करते कांग्रेसी।

1 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 3/1/2025 9:44 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### विवि परिसर में छात्रों की सुविधा के लिए हेल्पडेस्क स्थापित करने की मांग, ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** आजाद सेवा संघ के पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर छात्रों की सुविधा के लिए हेल्पडेस्क स्थापित करने सहित अन्य मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा व जिलाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई संशोधित परीक्षा समय सारणी में कई कमियां है। परीक्षाओं के बीच छात्रों को उचित अंतराल नहीं दिया गया है, जिससे उनकी तैयारी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। 18 मार्च को ईवीएस की परीक्षा निर्धारित है, जबकि इसके तुरंत बाद 20 मार्च को गणित की परीक्षा रखी गई है जिससे केवल 19 मार्च का एक दिन का अंतराल दिया गया है। इसी प्रकार अन्य विषय के परीक्षा में मात्र एक दिन का अंतराल है। संघ की मांग है कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्य विषयों की परीक्षाओं के लिए उचित अंतराल प्रदान की जाए जिससे तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। साथ ही विश्वविद्यालय संचालित हो रहा था, वहां एक हेल्प डेस्क स्थापित किया जाए, ताकि दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों के छात्र जो शिक्षा और अन्य सुविधाओं के लिए विश्वविद्यालय तक पहुंचने में समस्या महसूस करते हैं, उन्हें वहाँ पहुंचने में आसानी हो सके।

### बजट में शामिल हो कर्मचारियों की 12 सूत्रीय मांगें

**अम्बिकापुर।** तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री आनंद यादव, संभागीय अध्यक्ष दिनेश कश्यप, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय यादव ने संगठन की 12 सूत्रीय लंबित मांगों को बजट में शामिल करने की मांग की है। पदाधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में शामिल वादों को सरकार गठन के 1 साल बाद भी लागू नहीं करने से कर्मचारियों में हताशा एवं आक्रोश है। शासन से केंद्र के समान महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिनों का अर्जित अवकाश, वेतन विसंगति दूर करने, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने, अनियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियमित करने सहित अन्य मांगे शामिल हैं।

### नपं में उपाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी हुई तेज

**राजपुर।** नगरीय निकाय चुनाव चुनाव संपन्न होने के बाद अब उपाध्यक्ष पद की दावेदारी तेज हो गई है। चुनाव जीतकर आए पार्षदों द्वारा उपाध्यक्ष पद के लिए जोर लगाया जा रहा है। इस बीच नगर पंचायत राजपुर से भी संजय सिंह और मंजू बंसल ने उपाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की है जिसके बाद चुनाव से ही उपाध्यक्ष पद का फैसला होने की बात कही जा रही है। बता दें कि नगरीय निकाय चुनाव समाप्त होने के बाद उपाध्यक्ष पद हेतु कवायद तेज हो गई है। नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद हेतु भाजपा के बहुमत के बाद कई नाम सामने आ रहे हैं जिससे उपाध्यक्ष पद के लिए असमंजस की स्थिति बन गई है। भाजपा में नौ पार्षद एवं अध्यक्ष पद जीतने के बाद भी अब भाजपा में उपाध्यक्ष पद के लिए असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है। भाजपा से वार्ड क्रमांक 8 से पार्षद संजय सिंह ने जीतने के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए लगभग यह तय माना जा रहा था लेकिन अब जैसे-जैसे समय बीत रहा है वैसे-वैसे उपाध्यक्ष पद के लिए कई उम्मीदवारों के नाम सामने आ रहे हैं। उपाध्यक्ष पद हेतु अब भाजपा से ही वार्ड क्रमांक 10 से चुनाव जीतकर आई महिला पार्षद मंजू बंसल ने भी ने अपनी दावेदारी कर दी है। वहीं भाजपा के जिला महामंत्री व पार्षद संजय सिंह ने कहा कि पार्टी का जो भी आदेश होगा सर्वोपरि होगा। पार्टी जिसको भी उपाध्यक्ष पद के लिए नाम का ऐलान करेगी उन्हीं को उपाध्यक्ष बनाया जाएगा।





## शहर के सभी शासकीय अंग्रेजी शराब दुकानों के सामने से हटाया गया चखना सेंटर

# लाइसेंस है देसी मदिरा दुकान व चखना सेंटर का, परिसर में पिला रहे अंग्रेजी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के बीच स्थित देशी मदिरा दुकान के साथ अब अंग्रेजी शराब बिक्री करने का लाइसेंस मिला है। हैरानी की बात तो यह है कि देशी मदिरा दुकान व चखना सेंटर के लाइसेंस की आड़ में शराब के शौकीन परिसर में ही धड़ल्ले से खुलेआम अंग्रेजी शराब पीते है जबकि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना जुर्म है। अंग्रेजी शराब पीने का लाइसेंस संचालक के पास है या नहीं यह तो आबकारी विभाग को भी पता नहीं है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जाता सकता है कि आबकारी विभाग कितना शराब बिक्री, मिलावटखोरी सहित सार्वजनिक स्थान पर शराब बैठाकर को लेकर कितना गंभीर है।

**खास बात**

- कुछ माह पूर्व अंग्रेजी शराब बिक्री करने का मिला है लाइसेंस

शहर के गंगापुर, गाड़ाघाट व भगवानपुर में शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान जबकि शहर के बीच बौरीपारा स्थित देशी मदिरा दुकान संचालित है। कुछ माह पूर्व ही देशी मदिरा दुकान के साथ संचालक को अंग्रेजी शराब बिक्री करने का लाइसेंस मिला है जिसके बाद से अब देशी मदिरा के साथ अंग्रेजी शराब की बिक्री की हो रही है। देसी शराब बिक्री करने के साथ चखना सेंटर संचालित करने अनुमति है जहां शराब के शौकीन आराम से बैठकर देशी मदिरा पी सकते है। लेकिन अब परिसर में देशी मदिरा दुकान व चखना सेंटर की आड़ में खुलेआम शराब के शौकीन अंग्रेजी शराब पीते है। सूत्रों की माने तो संचालक को केवल अंग्रेजी शराब बिकी करने का लाइसेंस है न कि पिलाने का बावजूद दिन से लेकर रात तक लोग बेधड़क होकर अंग्रेजी शराब डकारते है। इस पर न तो पुलिस कोई कार्रवाई करती है और न ही आबकारी विभाग इसे लेकर गंभीर है जिससे संलाचक के साथ शराब के शौकीनों को हौसले बुलंद है।



दर्रिपारा स्थित देसी-विदेशी मदिरा दुकान।

**मोहल्ले वासियों करते हैं विरोध**

गाड़ाघाट व गंगापुर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के आसपास चखना सेंटर संचालित होने पर आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। जिस पर मोहल्ले के लोग चखना दुकान हटाने की मांग लगातार कर रहे थे। इसी बीच पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए सभी चखना दुकान को हटा दिया। इधर गंगापुर मोहल्ले की महिलाएं आए दिन शराबियों द्वारा छींटाकशी करने तथा उत्पात मचाने पर शराब दुकान को ही हटाने की मांग की। हालांकि विधायक ने जल्द ही शराब दुकान हटाने का आश्वासन दिया लेकिन आज तक शराब दुकान अन्य जगह विस्थापित नहीं हो सका।

**हटाए गए है चखना सेंटर**

शहर के गाड़ाघाट स्थित शराब दुकान के समीप संचालित चखना दुकान के पास पूर्व में शराब पी रहे लोगों ने मोहल्लेवासी सहित खैरबार से लौट रहे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विवाद करना शुरू कर दिया जिससे धक्का मुक्ति की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस घटना के बाद प्रशासन न सिर्फ सख्त हुई बल्कि शहर में संचालित शराब दुकान के आसपास से चखना दुकान हटाने का निर्देश दिया। प्रशासन के निर्देश के बाद गाड़ाघाट सहित गंगापुर व भगवानपुर स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान के आसपास संचालित सभी चखना सेंटर को हटा दिया गया है। लेकिन देशी मदिरा दुकान परिसर स्थित चखना सेंटर का लाइसेंस होने के कारण नहीं हटाया गया।

**कराई जाएगी जांच**

देशी मदिरा दुकान संचालक के पास चखना सेंटर संचालित करने का लाइसेंस है। परिसर में अंग्रेजी शराब पिलाने का लाइसेंस है या नहीं इसकी जांच कराई जाएगी।

-एलके गायकवाड़
जिला आबकारी अधिकारी



# आवास निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू ने पीएम आवास योजना ग्रामीण की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वीकृत समस्त आवासों को अविलंब पूरा करने निर्देशित किया। स्वीकृति के लिए शेष बचे आवासों को जल्द स्वीकृति का कार्य पूर्ण करते हुए, कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए।

- कसमय सीमा में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

वर्तमान में पात्र हितग्राही एवं पूर्व की सूचियों में नाम नहीं होने के कारण आज पर्यन्त आवास से वंचित हैं या नए परिवार बन गए हैं उनके लिए आवास की पात्रता अनुसार सर्वे का कार्य जारी है। जिले के सभी ग्राम पंचायतों से पात्र परिवारों के सर्वे का कार्य पूर्ण किया जाना है। सभी जनपद पंचायत इस कार्य को सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी हितग्राही का राशि या कार्य पूर्ण करने के बाद टैगिंग का काम लंबित नहीं रहे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीओ, आरईएस, पीएम आवास एवं मनरेगा की जिले व जनपद की पूरी टीम उपस्थित रही।

### जिला खनिज न्यास के प्रबंधकारिणी समिति की हुई बैठक

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास एस जयवर्धन के निर्देशन में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में स्वीकृत कार्यों की अद्यतन स्थिति समीक्षा एवं भविष्य के कार्ययोजना पर चर्चा की गई। बैठक में जिले के जनहितैषी कार्यों के संबंध में विभागों से प्राप्त प्रस्तावों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उच्च प्राथमिकता के क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, वृद्ध एवं निःशक्तजन सहायता, पर्यावरण सहित अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सिंचाई, अधोसंरचना विकास के विभिन्न कार्यों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, डीएफओ पंकज कमल, सचिव एवं सदस्य जिला खनिज संस्थान न्यास एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## चंदन नगर व हरिहरपुर के मध्य होगा अंतर ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला

**अम्बिकापुर।** पीसीबी ट्रॉफी अंतर ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दिन सेमीफाइनल का मैच भी बेहद रोमांचक रहा। जिसमें संबलपुर, चंदन नगर, व साल्ही और हरिहरपुर की टीमें आमने-सामने थीं। काँटे की टक्कर के बाद चंदन नगर और हरिहरपुर ने जीत हासिल कर अपनी जगह फाइनल में पक्की की। टूर्नामेंट में सभी प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और अंतिम दौर तक दर्शकों को खेल से जोड़े रखा।

- दोनों ही टीमों ने रोमांचक मुकाबले में दर्ज की जीत



शुक्रवार को पहले सेमीफाइनल में संबलपुर और चंदननगर के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, जिससे मैच टाई ब्रेकर तक गया। चंदननगर के खिलाड़ी संदीप कुमार चौहान, अंकुश कुमार मरकाम, योगेन्द्र सिंह उईके, राजेंद्र कुमार मरकाम, नागेश कुमार मरकाम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को 5-4 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। इसी प्रकार दूसरे सेमीफाइनल हरिहरपुर और साल्ही के बीच रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने जोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन निर्धारित समय में कोई भी बढ़त नहीं बना सका। मुकाबला टाई ब्रेकर में पहुंचा, जहाँ हरिहरपुर ने 4-3 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में हरिहरपुर के गोलकीपर अजीत ने शानदार खेल दिखाया और कई महत्वपूर्ण बचाव कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

# गांजा तस्करी मामले में फरार तीसरे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर जिले की जयनगर पुलिस ने गांजा तस्करी मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी आज गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।पुलिस ने बताया कि गत 21 जनवरी को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार से 15 किलो गांजा जब्त किया था।मामले में एक युवक संजय यादव को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया था

- जयनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अंबिकापुर रेलवे स्टेशन समीप से किया गिरफ्तार
- एक नाबालिग समेत दो आरोपी पूर्व में हो चुके हैं गिरफ्तार



जबकि मामले में शामिल दो अन्य आरोपी युवक मौके से फरार हो गये थे, हाल ही में दो दिन पूर्व पुलिस ने मामले में एक नाबालिग किशोर को पकड़कर न्यायालय पेश किया था।

जबकि एक अन्य फरार युवक की पता तलाश की जा रही थी,इस दौरान फरार आरोपी युवक के अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के पास होने की सूचना पर शनिवार को पुलिस ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के समीप घेराबंदी कर आरोपी युवक हरीशचंद यादव पिता बुकेचंद 21 वर्ष निवासी ग्राम खूंटा पानी बागबहार जिला जशपुर को गिरफ्तार कर शनिवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ के दौरान 21 जनवरी को कार में 15 किलो गांजा परिवहन कर बिक्री के लिए ले जाने के अलावा गत 11 जनवरी को भी 8 किलो गांजा को विक्रय किया जाना आरोपी हरिशंकर पांडे ने स्वीकार किया है।पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपी के संलिप्त पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आज शनिवार को आरोपी हरिश्चंद यादव को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है, उक्त कार्यवाही में एसआई सोहन सिंह, सहायक उप निरीक्षक केश्वर मरावी,प्रधान आरक्षक राजेंद्र एक्का, बृज किशोर धुर्वा, आरक्षक विकास मिश्रा व दिलपाल कसेरा सक्रिय रहे।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अम्बिकापुर।** चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम धोन्धा निवासी जगदीश प्रसाद 25 फरवरी को बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 7384 से बाजार गया था। शाम को वापस घर आने लगा और जैसे ही गोवर्धनपुर के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 3856 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गया। परिजन घायल हो अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

न्यायालय नायब तहसीलदार जरही, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. --------------
//ईश्तहार//
सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक लछनधारी आ. रामदेव जाति गोड़ निवासी ग्राम पंचायत सोनगरा, तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.), के द्वारा अपने बाबा स्व.बली आ. काशी का मृत्यु दिनांक 24/04/2008 को मृत्यु ग्राम पंचायत सोनगरा में घर पर होने का लेख कर मृत्यु प्रमाण पत्र बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो तो, वह अपनी लिखित दावा आपत्ति दिनांक 15/03/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा बाद में प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा।
अतः दिनांक 28/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
जरही तहसील प्रतापपुर
जिला सूरजपुर (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
20 मार्च 2025 दिन गुरूवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना। • पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
• पेशाब में जलन। • गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना। • पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• पेशाब बार-बार होना। • पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
• किडनी, पेशाब थैली। • अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

डॉ.दीपक अग्रवाल
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सभी प्रकार के कमर दर्द, घुटने का दर्द, वात रोग एवं सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग सम्बंधित विकृति का सम्पूर्ण ईलाज।
दिनाँक - 09 मार्च, 2025
दिन - रविवार सुबह 11 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 02 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहू बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
•पागलपन •घबराहट •शक •डर उदासी (डिप्रेशन) •मिर्गी •सरदर्द •नशा •नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधित परेशानी •पढ़ाई में ध्यान न लगना •सामान तोड़फोड़ करना •अधिक शरारती होना •दिमाग में कमजोरी महसूस होना
लकवा एवं नसों से संबंधित बीमारियों एवं परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे
यहा माथा EEG जांच की सुविधा उपलब्ध है
दिनांक 9 मार्च 2025, दिन - रविवार
नोट:- डॉ. साहब प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परमर्श उपलब्ध
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
• पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
• झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
• Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
• जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
• लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
• Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार,8 मार्च 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरवपथ, अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata) Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
◆ जटिल अस्थमा (दमा) ◆ टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB ◆ गले व छाती में कफ संबंधित समस्या ◆ बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
◆ छाती में भारीपन और सांस फूलना ◆ छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना ◆ छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
◆ खांसी, जुकाम एवं एलर्जी ◆ बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी ◆ खांसी में खून आना

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष चौरसिया M.C.H. Neurosurgeon
छग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
बिलासपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश गर्ग MBBS, DNB (Medicine)
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. बी बी कुमार MBBS, MD (Medicine) Rheumatology
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. आशु जैन MS, MCH, FHU, Neurosurgery
छग के सुप्रसिद्ध मस्तिक रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान न्यूरोलॉजिस्ट
छग के सुप्रसिद्ध मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ.. डॉ निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस.एम.डी (मनोरोग)
02 मार्च 2025 प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव में विजय श्री हेतु संपर्क करें
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर समयनुसार मिलें
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 बसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
नोट स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। ● ऑपरेशन द्वारा ईलाज ● नाक की प्लास्टिक सर्जरी ● एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी ● गले की लेजर सर्जरी ● खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना ● दांतो की नसों का इलाज ● दांतों की सफाई व चमकाना ● दंत प्रत्यारोपण ● मुंह के कम खुलने का इलाज ● दांतों में ज्वेलरी लगाना ● बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कर रही राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास : भारत



**अंबिकापुर।** नवनिर्वाचित महापौर के एक बयान को लेकर कांग्रेस के कथन पर भाजपा जिला अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया ने कहा कि लोकतंत्र की सुंदरता इसी में है कि हर नागरिक और हर जनप्रतिनिधि को अपनी आस्था, विचार और कार्यशैली के अनुरूप कार्य करने की स्वतंत्रता होती है। हाल ही में नवनिर्वाचित महापौर के एक बयान को लेकर जिस प्रकार कांग्रेस ने विरोध प्रकट किया और इसे नफरत भरा करार दिया, वह स्वयं में एक असहिष्णुता का उदाहरण है। यह घटनाक्रम दर्शाता है कि कैसे कुछ राजनीतिक दल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपनी सुविधा के अनुसार परिभाषित करते हैं। उन्होंने कहा कि महापौर का निर्णय नगर निगम में गंगाजल का छिड़काव करने और नई कार्य संस्कृति स्थापित करने का था। यह एक व्यक्तिगत और सांस्कृतिक पहल है, जिसे धार्मिक कट्टरता या द्वेष की संज्ञा देना पूरी तरह अनुचित है। यदि कोई नेता अपने कार्यस्थल को शुद्ध करने के लिए गंगाजल का उपयोग करता है, तो इसे किसी विशेष समुदाय के विरुद्ध कैसे माना जा सकता है। यह केवल एक सांस्कृतिक परंपरा का पालन करने का प्रयास है, न कि किसी के विरुद्ध घृणा का संदेश। कांग्रेस का यह तर्क कि पूर्व महापौर अत्यंत सौम्य और जनता के प्रति संवेदनशील थे, नवनिर्वाचित महापौर की नीयत को गलत ठहराने का एक प्रयास मात्र है। किसी भी प्रशासनिक इकाई में नई व्यवस्था लागू करना आम बात है। महापौर का यह निर्णय नगर निगम में व्याप्त अव्यवस्था को सुधारने और एक नई कार्य संस्कृति स्थापित करने की दिशा में एक कदम है। इसे नफरत फैलाने वाला बताकर कांग्रेस सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटियाँ सेंकने का प्रयास कर रही है।

### ग्रामीण ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**डांड़गांव।** ग्राम पंचायत पुटा के आश्रित ग्राम बेलढाब पण्डो बस्ती में एक ग्रामीण ने अपने घर के मयार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पूटा अंतर्गत ग्राम बेलढाब निवासी राकेश पण्डो (50 वर्ष) शुक्रवार को जब पत्नी जो आंगनबाड़ी सहायिका है उसके स्कूल जाने के बाद राकेश अपने दूसरे जगह नवनिर्मित मकान में चला गया। इसी बीच अज्ञात कारण से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर परिजन राकेश के घर नहीं आने पर खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने पुलिस को बताया कि अगल बगल कहीं चले जाने पर ज्यादा खोजबीन नहीं की। आज सुबह नए मकान में फांसी पर राकेश का शव फांसी में लटका मिला जिस पर गांव के लोगों घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द करने के साथ जांच शुरू कर दी है।

## पेज 1 के शेष...

### सीमांकन के दौरान राजस्व...

राजस्व निरीक्षक के उंगली में चोटें आई है। वहीं तेज रफ्तार मोटरसाइकिल को अपनी ओर आता देख कर्मचारियों ने इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई है। राजस्व टीम पर हमले के बाद वहां मामला काफी गर्मा गया था लेकिन पुलिस की टीम के रहने के कारण एक बड़ा विवाद टल गया है। इस पूरे मामले को लेकर राजस्व की टीम ने एसडीएम राजपुर राजीव जेम्स कुजूर से लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। इस मामले में एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर ने कहा कि सीमांकन करने गए राजस्व टीम की लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। पीड़ित का बयान लिया जा रहा है उसके बाद आगे कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन को पत्र लिखा जाएगा। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि उन्हें भी इसकी जानकारी मिली है। एसडीएम की तरफ से पत्र आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गंगाजल से शुद्धिकरण व पहली हिन्दू महापौर के बयान पर मचा बवाल

# शपथ ग्रहण से पहले कांग्रेस ने खोला नव निर्वाचित मेयर के खिलाफ मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- एफआईआर की मांग

भारी मतों से जीत दर्ज करने के बाद शहर की पहली महिला महापौर शपथ ग्रहण से पहले ही विवादों में आ गई है। नव निर्वाचित महापौर मंजूषा भगत द्वारा दिए गए बयान के बाद कांग्रेस ने महापौर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नव निर्वाचित मेयर श्रीमती भगत के बयान को नफरती बताते हुए कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में राजीव भवन से कोतवाली थाणे तक रैली निकालकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की।

बता दें कि नव निर्वाचित महापौर मंजूषा भगत ने अपने पदभार ग्रहण से पहले नगर निगम को गंगाजल से शुद्ध कराने, पूर्व महापौर के उपयोग किए गए टेबल कुर्सी को बदलवाने के साथ ही खुद को पहली हिन्दू महापौर के रूप में पेश किया। इस बयान के बाद कांग्रेस में आक्रोश का माहौल है। कांग्रेस इस बात से आक्रोशित है कि मंजूषा भगत ने न केवल पूर्ववर्ती आदिवासी महापौर और कांग्रेस के कार्यकाल को अशुद्ध कहा, साथ ही साथ उन्होंने मां महामाया की नगरी अम्बिकापुर के भी अशुद्ध होने की बात कहकर पूरे अम्बिकापुर शहर और यहां के सम्मानित नागरिकों का अपमान किया है। कांग्रेस मंजूषा भगत का बयान सार्वजनिक होने के उपरांत ही कांग्रेस के द्वारा उनसे सार्वजनिक माफी की मांग की थी। ऐसा नहीं होने पर शनिवार को कांग्रेस ने रैली निकाल कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। कांग्रेस यह मानती है कि मंजूषा भगत का बयान निगम में कांग्रेस के कार्यकाल और महापौर डॉ. अजय तिर्की के साथ ही भाजपा से महापौर रहे प्रबोध मिंज के प्रति अस्पृश्यता एवं धार्मिक भेदभाव की भावना से परिपूर्ण होकर एक नफरती बयान है। यह बयान कहीं न कहीं भाजपा की आदिवासियों के प्रति हीनभावना को प्रदर्शित करता है। यह बयान संविधान के अनुच्छेद 17 का उल्लंघन है जो जातिगत और धार्मिक अस्पृश्यता का निषेध करता है। एक जनप्रतिनिधि के लिये यह आचरण अशोभनीय है। थाना कोतवाली ने कांग्रेस के दिये आवेदन की पावती में लिखित में आश्वासन दिया है कि वो जांच उपरांत कार्रवाई करेगी। आवेदन के साथ कांग्रेस ने मंजूषा भगत के बयान का इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड भी दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा है कि नियत समय में अगर पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो हम न्यायालय में परिवाद भी दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा है कि अपने बयान से मंजूषा भगत ने सनातन धर्म की परंपरा और पवित्र गंगाजल का भी अपमान किया है। सनातन परंपरा के अनुसार पवित्र गंगाजल सात्विक और धार्मिक उपयोग हेतु है जैसे हाल ही में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने शिवसागर बांध में छठ घाट के निर्माण के लिए कुंभ से लाये गंगाजल का उपयोग किया।

यदि नवनिर्वाचित महापौर यह बोलती कि वे अम्बिकापुर की जनता की सेवा के लिए पवित्र गंगाजल से स्वयं भी शुद्ध होकर एवं कार्यक्षेत्र को शुद्ध कर काम प्रारंभ करेंगी, तो यह कतई आपत्तीजनक नहीं होता। बल्कि हम सब पक्ष-विपक्ष की राजनीति से उपर उठकर इसका स्वागत करते लेकिन जब वे यह बोलती हैं कि उन्होंने निगम आयुक्त को यह सख्त निर्देश दिया है कि पुराने कुर्सी-टेबल को हटाएं और नयी व्यवस्था बनाएं क्योंकि वे अंबिकापुर में पहली हिंदु महापौर हैं, वो कार्यस्थल का गंगाजल से शुद्धीकरण करेंगी तब वे दुर्भावना से पवित्र गंगाजल के उपयोग की बात करती हैं जो कि पवित्र गंगा जल का भी अपमान है। औषधीय और पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि मंजूषा भगत पूरे शहर को अशुद्ध बतला रही हैं जो कि महामाया की नगरी में रहने वाले उन सभी मतदाताओं का अपमान है, जिन्होंने उन्हें महापौर के रूप में चुना है। चाहे मंजूषा भगत हो या उनसे पूर्व के दोनो महापौर इन सभी को चुनते हुए शहर के नागरिकों ने उनका धर्म नहीं देखा था। शहर के नागरिक उनसे शहर के विकास का एजेंडा सुनना चाहते हैं न कि उनके द्वेषपूर्ण बयान।



ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

### 2 मार्च को शपथ में शामिल नहीं होंगे कांग्रेस के पार्षद

नगर निगम में विपक्ष के नेता शफी अहमद ने कहा है कि 2 मार्च को नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षद एवं महापौर के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस और उसके पार्षद शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने अनुरोध किया था कि नवनिर्वाचित महापौर अपने द्वेषपूर्ण और नफरती बयान के लिये सार्वजनिक मांफी मांगे। लेकिन अभी तक उन्होंने ऐसा नहीं किया है, इसलिये शपथग्रहण समारोह में सहभागिता का प्रश्न ही नहीं उठता। उन्होंने कहा है कि वे कलेक्टर से यह मांग करेंगे कि कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षदों के लिए वे पृथक से शपथ लेने की व्यवस्था करें। कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षद शप थग्रहण समारोह से अलग कलेक्टर के कक्ष अथवा निगम परिसर में शपथ लेने के लिये तत्पर और तैयार हैं।

## ग्रामीण ने भालुओं से लड़कर बचाई जान, उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जंगल के समीप खेत में धान रोपा लगाकर घर लौट रहे ग्रामीण पर तीन भालुओं ने हमला कर दिया। इधर अचालक भालुओं द्वारा हमला कर देने पर ग्रामीण भागने के बजाय भालुओं से भीड़ गया और जान की परवाह किए बगैर लगभग 15 मिनट तक भालुओं के साथ संघर्ष कर भगाया। भालू के हमले से गंभीर हुए ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम चकेरी निवासी शिव सिंह आ. बिहारी लाल (30 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर जंगल के समीप खेत में धान रोपाई करने गया था। धान रोपाई करने के पश्चात अकेले घर आने लगा और जैसे ही बर पेड़ के समीप पहुंचा तभी बर फल खा रहे तीन भालुओं ने हमला कर दिया अचानक तीन भालुओं द्वारा हमला करने पर ग्रामीण डरने के बजाय भालुओं से भीड़ गया और दो भालुओं को पटक दिया जिससे दोनों भालू भाग गए लेकिन तीसरे भालू नहीं भागा और हमला करता रहा। ग्रामीण व भालू के बीच लगभग 15 मिनट तक संघर्ष चला और ग्रामीण किसी तरह भालू को भगाने में सफल रहा। इस बीच भालू के हमले में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी हालत में लगभग दो किलोमीटर दौड़कर घर पहुंचा और घटना की जानकारी परिजन को दी।

परिजन उसे तत्काल उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का उपचार जारी है।

## वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार अज्ञात युवक की गई जान



**डांड़गांव।** ग्राम कुमडेवा सतिमुडा चौक के समीप वाहन की टक्कर से गंभीर हुए बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं होने पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए अस्पताल में रखा है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना क्षेत्र के केदमा चौकी अंतर्गत ग्राम कुमडेवा सतिमुडा चौक पर लगभग दोपहर 2 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई। राहगीरों के मुताबिक शनिवार की दोपहर 2 बजे की है। सड़क किनारे शातिमुडा चौक पर बाइक क्रमांक सीजी 13 ई 1272 के साथ लगभग 35 वर्षीय युवक का शव देखा। अंदेशा लगाया जा रहा है कि किसी वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई।

## नपं बिश्रामपुर में अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर की नव निर्वाचित महिला अध्यक्ष एवं समस्त पंद्रह वार्ड पार्षदों को एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल ने शनिवार को कर्तव्य व निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई।

नगर पंचायत प्रांगण में आयोजित शपथ समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री छ.ग शासन टंक राम वर्मा उपस्थित थे,कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने की।शपथ ग्रहण कार्यक्रम शनिवार की प्रातः ग्यारह बजे निर्धारित था लेकिन मुख्य अतिथि के विलम्ब से यहाँ पहुंचने के कारण कार्यक्रम लगभग चार घण्टे देरी से शुरू हुआ।यहाँ पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इसके बाद नव निर्वाचित महिला अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव व सभी पंद्रह वार्ड पार्षदों को एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल ने क्रमवार पद व गोपनीयता के साथ निष्ठापूर्ण कार्य करने की शपथ दिलाई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेलकूद व युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के अगुवाई में प्रदेश में अब ट्रिपल इंजन की सरकार का संचालन होगा।

उन्होंने मंच से मौजूद लोगों को आश्वस्त किया कि नव निर्वाचित नगर की सरकार को क्षेत्रवसियों के जरूरतों व आकांक्षाओ को पूरा करने का भरपूर प्रयास करेगी और सफल भी होगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के अगुवाई में सरकार हर वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है,सभा को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने भी सम्बोधित कर अपनी बातों को रखा और भाजपा की नगर सरकार बनाने में समस्त मतदाताओं के प्रति अपना आभार जताया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में समस्त वार्डों के पार्षद,सूरजपुर जिला भाजपा अध्यक्ष मुरली सोनी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सीमांचल त्रिपाठी व आभार प्रकट राजकिशोर चौधरी ने किया।



शपथ लेती नगर पंचायत अध्यक्ष।

## कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अनुविभागीय अधिकारी ने नवनिर्वाचित पार्षदों को दिलाई शपथ

नगर पंचायत भटगांव में अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य अतिथि महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वही समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथि श्रीमती रजनी रवि शंकर त्रिपाठी, अजय गोयल, रमेश गुप्ता का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी सागर सिंह ने सर्वप्रथम भाजपा से अध्यक्ष बनी श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े को नियमानुसार पद की शपथ दिलाई। नपं भटगांव में बने 15 वार्ड के भाजपा कांग्रेस व निर्दलीय प्रत्याशियों को भी शपथ दिलाई। वार्ड पार्षद बने श्रीमती सुमित्रा राजवाड़े, श्रीमती मीना पैकरा, रामफल पैकरा, श्रीमती लक्ष्मी महतो, श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती सविता राजवाड़े, श्रीमती अनीता सोनवानी, श्रीमती कपिला राजवाड़े, अभिषेक श्रीवास्तव, श्रीमती गुड्डी सिंह, धनेश्वर प्रधान, विमल सिंह,ओंकार सिंह, विकास राजवाड़े ने शपथ ली। मंच संचालन श्रीमती राजकुमारी मेहता ने किया। इस दौरान जगरनाथ शर्मा, सुरजन प्रजापति, दिलीप मंडल, डॉ. अमूल चंद्रा, वकील सर्वजीत जायसवाल, माणिकचंद गुप्ता, सुरेश श्रीवास्तव, सच्चितानंद सिंह, वीरेंद्र गुप्ता, विजय राजवाड़े करन सोनवानी, हरि राजवाड़े, मार्कण्डेय साहू, श्रीमती गीता गुप्ता, महरजिया सिंह, श्रीमती गीता गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।



कैबिनेट मंत्री के साथ नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर दो लोगों की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए दो लोगों की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कापू थाना अंतर्गत ग्राम गोलामुड़ा निवासी टेर्री बाई केरकेट्टा पति स्व. करमू केरकेट्टा (40 वर्ष ) शुक्रवार की शाम घर के सामने सड़क किनारे मोबाइल से बात कर रही थी। इसी दौरान बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में खड़गवां अंतर्गत ग्राम पोखनिया निवासी दुखी मरावी आ. स्व. रामपुरी ज्ञान मरावी (70 वर्ष) बीती रात घर से पैदल जा रहा था। जैसे ही मुख्य मार्ग स्थित बैंक के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

- मायके पक्ष के लोगों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

कीटनाशक पीने से गंभीर हुई महिला की शहर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम केदमा कुमडेवा निवासी दुर्गा यादव पति भागवत प्रसाद यादव (24 वर्ष) 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन पति व तीन बच्चों के साथ देवगढ़ धाम कंचन यादव के लड़का के मुंडन कार्यक्रम में गई थी। इसी बीच पति दोपहर को पत्नी व बच्चों को देवगढ़ में छोड़ क्रिकेट खेलने चला गया। शाम को अपने नया घर ग्राम शायर माता पिता से मिलकर शाम 7.30 बजे घर लौटा और पत्नी से भोजन मांगा। इसी बीच पत्नी के मुंह से कीटनाशक की गंध आने पर पूछताछ किया लेकिन पत्नी कुछ नहीं बताई। परिजन महिला को तत्काल उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर अंबिकापुर रेफर कर दिया जहां निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर मृतिका के पिता ग्राम केसमा निवासी पिताम्बर यादव ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बयान दिया है कि शादी के दो साल बाद भागवत प्रसाद यादव शराब पीने के साथ दुर्गा से विवाद व मारपीट करना शुरू कर दिया। महाशिवरात्रि के दिन भी देवगढ़ जाने के बात को लेकर दोनो के बीच विवाद हुआ जिस पर भागवत प्रसाद ने पत्नी के साथ मारपीट किया। इसी बीच दुर्गा ने फोन कर मारपीट करने तथा उसे ले मायके ले जाने की बात कही थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कार्य करने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाना भेज दिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## कुंजनगर स्थित स्टील फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले युवक की गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन रोड कुंजनगर मुख्य मार्ग में संचालित एग्रिको स्टील फैक्ट्री में मजदूरी का काम करने वाले युवक की शनिवार को अचानक ड्यूटी करने दौरान मौत हो गई है।

एग्रिको स्टील फैक्ट्री के संचालक अजय अग्रवाल ऊर्फ अज्जू ने बिश्रामपुर पुलिस में मामले की सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके फैक्ट्री में काम करने वाला युवक विजय कुमार रात्रे पिता स्व. गणेश रात्रे 34 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर उसकी फैक्ट्री में काम करता था। शनिवार को वह रोजाना की तरह ड्यूटी करने आया था,इस दौरान सुबह करीब दस बजे मोबाइल से बात करते हुए अचानक वह जमीन पर गिर गया जिसके बाद उसकी कुछ देर बाद मौत हो गई।रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की है। पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने पश्चात मौत होने की वास्तविक वजह उजागर होने की बात बिश्रामपुर पुलिस ने कही है।

### रामनगर मुख्य मार्ग में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर पतरापारा मेन रोड में शनिवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे घटित सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गांव के 30 वर्षीय युवक दयाशंकर रजवार पिता गोविंद रजवार की मौत हो गई है।सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को बताया गया कि युवक दयाशंकर अपने घर से निकलकर पतरापारा मेन रोड की तरफ पैदल आ रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उसे मेन रोड में टक्कर मार दी।घटना में सिर के बल सड़क पर गिर जाने से गंभीर रूप से जख्मी हो जाने के बाद स्थानीय ग्रामीण उसे उपचार के लिए बिश्रामपुर अस्पताल लेकर आ रहे थे,तभी रास्ते में उसकी सांसे थम गई।रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 21 मार्च 2025, 02 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल 2025, 09 मई 2025, 23 मई 2025, 06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)